ASER

पढ़ने की जांच कैसे करें

अनुच्छेद

यहाँ से शुरू करें:

बच्चे को दिए गये दोनो अनुच्छेदों में से कोई एक पढ़ने को कहें।
बच्चे को अनुच्छेद स्वयं चुनने दें। अगर बच्चा नहीं चुनता है, तो आप उसे कोई एक अनुच्छेद चुनकर दें।
बच्चे को अनुच्छेद पढ़ने को कहें। बच्चा कैसा पढ़ता है यह ध्यान से सुनें।

बच्चा **'अनुच्छेद स्तर'** पर नही हैं अगर बच्चा अनुच्छेद को:

- अलग–अलग शब्द जैसे पढ़ता है न कि वाक्य की तरह।
- अटक–अटक कर पढ़े और अक्सर रुक जाए।
- धारा प्रवाह पढ़े पर **3 से ज़्यादा गलतियाँ** करें।

*अगर बच्चा **'अनुच्छेद स्तर'** पर नहीं है तब उसे शब्द पढ़ने को दें।*

बच्चा अनुच्छेद पढ़ सकता है अगर बच्चा अनुच्छेद को:

- अलग–अलग शब्द जैसे न पढ़कर वाक्य जैसे पढ़ता हो।
- धाराप्रवाह और आसानी से पढ़ लें। भले ही वो धीरे–धीरे पढ़े।
- पाठ को पढ़ने में **3 या 3 से कम गलतियाँ** करें।

अगर बच्चा अनुच्छेद पढ़ सकता है तब उसे कहानी पढ़ने को दें।

शब्द

बच्चे को शब्दों की सूची में से कोई भी 5 शब्द पढ़ने को कहें।
बच्चे को शब्दों को स्वयं चुनने दें। अगर बच्चा नहीं चुनता है, तो आप शब्द सूची में से कोई भी 5 शब्द उसे पढ़ने के लिए दें।

अगर बच्चा **'शब्द स्तर'** पर है, अगर वह:

- **5 में से कम से कम 4** शब्द आसानी से पढ़ लें।

*अगर बच्चा **'शब्द स्तर'** पर है तो उसे पुनः अनुच्छेद पढ़ने को कहें और फिर अनुच्छेद स्तर के निर्देशों का पालन करें।*

*अगर बच्चा सही ढंग से और आराम से शब्दों को पढ़ सकता है, लेकिन अभी भी अनुच्छेद धाराप्रवाह और आसानी से नहीं पढ़ सकता है, तब उसे **'शब्द स्तर'** पर चिन्हित करें।*

अगर बच्चा शब्द नहीं पढ़ सकता है (5 में से 4 शब्द भी नहीं पढ़ सकता है) तब उसे अक्षरों की सूची दें।

कहानी

बच्चे को कहानी पढ़ने को कहें।

बच्चा **'कहानी स्तर'** पर है अगर वह कहानी को:

- अलग–अलग शब्दों को न पढ़कर वाक्यों को पढ़े।
- धाराप्रवाह और आसानी से पढ़ सके। भले ही वह धीरे–धीरे पढ़ें।
- पाठ को पढ़ने में **3 या 3 से कम गलतियाँ** करें।

*अगर बच्चा 'कहानी पढ़ सकता है' तो उसे **'कहानी स्तर'** पर चिन्हित करें।*

*अगर बच्चा कहानी नही पढ़ सकता है तो उसे **'अनुच्छेद स्तर'** पर चिन्हित करें।*

अक्षर

बच्चे को अक्षरों की सूची में से कोई भी 5 अक्षर पढ़ने को कहें।
बच्चे को अक्षरों को स्वयं चुनने दें। अगर बच्चा नहीं चुनता है तो आप, अक्षर की सूची में से कोई 5 अक्षर उसे पढ़ने को दें।

बच्चा **'अक्षर स्तर'** पर है अगर वह:

- **5 में से 4** अक्षर सही पढ़ सके।

अगर बच्चा अक्षर पढ़ सकता है तो उसे शब्द पुनः पढ़ने को दें, और फिर शब्द स्तर के निर्देश का पालन करें।

*अगर बच्चा **5 में से 4** अक्षर पढ़ सकता है पर शब्द आसानी से नहीं पढ़ सकता है, तब उसे **'अक्षर स्तर'** पर चिन्हित करें।*

*अगर बच्चा अक्षर स्तर पर नहीं है (5 में से 4 अक्षर भी सही नहीं पढ़ सकता है), तब उसे **'कुछ नहीं स्तर'** पर चिन्हित करें।*

सर्वे शीट पर बच्चे का सबसे उच्चतम स्तर चिन्हित करें।

क्या गलत है और क्या नहीं? जब बच्चे पढ़ते हैं तो निम्नलिखित उदाहरण सुनने को मिलेंगे। यहाँ कुछ हिन्दी के उदाहरण दिए गए हैंः

क्या गलती नहीं है

- बच्चे 'आता' को 'आते' पढ़ते हैं या 'चाहता' को 'चाहते' पढ़ते हैं या 'है' को 'था' आदि। स्थानीय उच्चारण के कारण बच्चों के पढ़ने में भिन्नताएं हो सकती है। **इसे गलती न मानें।**
- बच्चे पढ़ते समय एक शब्द को समान अर्थवाले दूसरे शब्द से बदल देते हैं। उदाहरण के लिए 'बरसात का मौसम' को बच्चा 'बरसात का समय' ऐसे पढ़ता है, तो **इसे गलती न मानें।**
- आम तौर पर ऐसे में यदि बच्चे से कहें कि ध्यान से पढ़ो, तो हो सकता है कि दोबारा पढ़ने में ऐसी गलती फिर न करें।
- कभी कभी बच्चे गलत शब्द पढ़ते हैं जैसे – 'नींद' को 'नदी' या 'मज़ा' को 'जमा'। कभी कभी बच्चे पढ़ते समय शब्दों को छोड़ देते हैं। ऐसी स्थिति में भी यदि बच्चे को फिर से ध्यान से पढ़ने को कहें तो हो सकता है कि वो गलती सुधार ले या वह वही गलतियाँ फिर से दोहरायें।

क्या गलती है

- अगर बच्चा बार–बार मौका देने के बाद भी वही गलती दोहराए या शब्द न पढ़ पाए तो इन्हें गलतियाँ समझना चाहिए। इसका मतलब है उसे उस स्तर के पढ़ने में कठिनाई हो रही है।
- अगर बच्चा एक ही शब्द एक से अधिक बार गलत पढ़ता है तब उसे **एक ही गलती** मानें।
- यदि अनुच्छेद पढ़ते समय बच्चा **3 से ज्यादा गलतियां** करे तो उसे **'अनुच्छेद स्तर'** पर नहीं रख सकते हैं। यही नियम कहानी के लिए भी लागू करें।


पढ़ने की जाँच (3)

कहानी

सावन का महीना था। आसमान में बहुत काले-काले बादल छाये थे। ठंडी-ठंडी हवा चल रही थी। मुझे बाहर झूला झूलने का मन किया। बड़े भैया एक मोटी सी रस्सी लेकर बाहर आये। भैया ने रस्सी को पेड़ से लटकाकर झूला बनाया। सब ने मिलकर ख़ूब झूला झूला। बाकी बच्चे भी आकर मज़े से झूलने लगे। झूलते-झूलते रात हो गई।

अनुच्छेद

गोलू के पास एक बकरी है।
उसका रंग सफ़ेद है।
वह घास खाती है।
बकरी रोज़ दूध देती है।

ल प स
क ग
ड ब म
ट झ

लाल दूध
पैर
कुल किला
मोर जूता
तेल
शेर मौका